तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 21 अगस्त 2025

13 कलेक्टर ने बेदरे में निर्माण कार्यों और शासकीय ...



14 विद्युत कंपनी के एमडी पहुंचे सर्वाधिक नक्सल ...





## खबर संक्षेप

### शारीरिक प्रशिक्षण के लिए 29 तक पंजीयन

**जगदलपुर।** भारतीय सैन्य अग्निवीर थलसेना 2025-26 भर्ती अधिसूचना जारी की गई है। जिसका कम्प्यूटर परीक्षा का आयोजन सेना भर्ती कार्यालय द्वारा की गई है। कम्प्यूटर परीक्षा में बस्तर जिले के उत्तीर्ण अभ्यर्थी, जो शारीरिक प्रशिक्षण के इच्छुक हों, वे अपनी उत्तीर्ण संबंधी दस्तावेज के साथ स्वयं कार्यालयीन समय में जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र आड़ावाल में 29 अगस्त तक उपस्थित होकर अपना पंजीयन करवा सकते हैं। भर्ती पूर्व कौशल एवं शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण का लाभ दिया जा सकता है।

### कर्मयोगी अभियान के क्रियान्वयन के निर्देश

**जगदलपुर।** जिले में सेवा कर्म एवं जिला ब्लॉक और ग्राम स्तर पर आदि कर्मयोगी अभियान के क्रियान्वयन के लिए आदिम जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आवश्यक निर्देश दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में कलेक्टर हरिस एस, जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन, सहायक आयुक्त जी शोरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे ।

### बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी ने भाजपा प्रदेश सरकार पर गड़बड़ी के लगाए आरोप

# कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट पर ट्रैक सूट 1539 रुपए में उपलब्ध, खरीदा गया 2499 रुपए में : मौर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

▪ बस्तर ओलंपिक में ट्रैक सूट खरीदी में गोलमोल

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने पत्रकार वार्ता में भाजपा सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि जिस बस्तर ओलंपिक को लेकर प्रधानमंत्री 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से बड़ी-बड़ी बातें कर रहे थे। उसी बस्तर ओलंपिक में ट्रैक सूट खरीदी में राज्य सरकार ने भ्रष्टाचार किया है। 4900 ट्रैक सूट खरीदी के लिये निविदा बुलाया गया,जिसमें क्वालीफाई करने वाली 5 कंपनियां एक ही ब्रांड शिव नरेश स्पोर्ट्स प्रालि से जुड़ी थी। सभी पांचो कंपनियां एक ही ट्रैक सूट मॉडल (आर्टिकल कोड 459 ए) के लिये बोली लगाया। इसमें शिव नरेश स्पोर्ट्स प्रालि को एल 1 घोषित किया गया तथा उससे 2499 रुपये की दर पर प्रति ट्रैक सूट खरीदा गया।



कुल 10 कंपनियों ने टेंडर में हिस्सा लिया। इसमें एआर नीच फैब, एडिडास,हिंद स्पोर्ट्स,नरेन संस ट्रॉफी वाले, रिद्धि-सिद्धि सॉल्यूशन,शैम स्पोर्ट्स,शिव नरेश स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, स्पोर्टटेक्स,वरना डिसप्ले और विनायक वेंचर्स शामिल थे। टेक्निकल बिड में केवल 5 कंपनियां शिव नरेश स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड,वरना डिसप्ले सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड, नरेन संस, विनायक वेंचर्स और रिद्धि-सिद्धि सॉल्यूशन ने क्वालीफाई किया। बाकी कंपनियां टेक्निकल बिड में ही डिसक्वालीफाई कर दी गई। एडिडास जैसी अंतरराष्ट्रीय कंपनी को भी टेक्निकल बिड में बाहर कर दिया गया। खेल विभाग ने शिव नरेश ब्रांड के जिस ट्रैक सूट को ▶▶| शेष पेज 12 पर

### 47 लाख रुपए ज्यादा का किया भुगतान

मौर्य ने कहा खेल विभाग ने 4 हजार 900 ट्रैक सूट की खरीदी के लिए 2499 रुपए प्रति यूनिट की दर से कंपनी को 1 करोड़ 22 लाख 45 हजार रूपए का भुगतान किया है। कंपनी की वेबसाइट में दिए गए 1539 रुपए की दर पर अगर ट्रैक सूट की खरीदी की जाती तो खेल विभाग को महज 75 लाख 41 हजार 100 रूपए का भुगतान करना होता। इससे करीब 47 लाख रुपए की बचत हो सकती थी। मामला एक ट्रैक सूट खरीदी का है पूरे आयोजन में कितना घोटाला हुआ होगा कल्पना की जा सकती है।

## दुष्कर्म व हत्या का प्रयास और नाबालिग से अनाचार के आरोपी गिरफ्तार, गए जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

▪ पहले मामले में प्रार्थी एवं उसकी पत्नी ही निकले आरोपी



पुलिस अधीक्षक गौरव राय द्वारा थाना किरन्दुल क्षेत्र में घटित महिला संबंधी अपराधों को गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उदित पुष्कर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरके बर्मन के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी किरन्दुल कपिल चंद्रा के पर्यवेक्षण में आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश पर थाना प्रभारी किरंदुल संजय यादव के नेतृत्व में टीम द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा गया।

### प्रकरण 1

9 अगस्त को पीड़िता रात्रि में अपने मकान में अकेली सोई थी। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा कोई वस्तु डाल देने से पीड़िता के परिजन की रिपोर्ट पर थाना किरन्दुल में 11 अगस्त को अपराध पंजीबद्ध किया गया। इस दौरान प्रार्थी लखमा कुंजाम उम्र 39 एवं उसकी पत्नी कुमे कुंजाम उम्र 35 वर्ष से घटना के संबंध में पूछताछ करने पर बार-बार अपना बयान बदलने से संदेह होने लगा। आस पड़ोस में पूछताछ कर पुनः प्रार्थी से पूछताछ करने से पीड़िता अपने हिस्से का जमीन किसी और को कमाने के लिये देती थी एवं प्रार्थी को अपने पास नहीं आने देती थी। जिसके रंजिश के चलते अपनी पहली पत्नी के साथ मिलकर पीड़िता को गमछा से गला दबाकर मारने की कोशिश कर ठोस वस्तु डाल दिया। पीड़िता की मौत हो गई सोचकर दोनों आरोपी उसी अवस्था में छोड़कर चले गये। दोनों ने घटना करना स्वीकार करने पर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल दाखिल किया गया है।

### प्रकरण 2

किरंदुल थाना क्षेत्र की नाबालिग को आरोपी जितेन्द्र कुमार 30 वर्ष द्वारा शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया, जिससे पीड़िता गर्भवती हो गई। पीड़िता ने आरोपी को शादी के लिये कहने पर फरार हो गया एवं संपर्क नंबर बंद कर दिया गया था। प्रार्थिया के रिपोर्ट पर थाना किरन्दुल में 11 अगस्त को अपराध दर्ज कर आरोपी जितेन्द्र कुमार के बारे में सायबर सेल दंतेवाड़ा से विस्तृत जानकारी प्राप्त किया गया, जिससे आरोपी बिहार का होना पाया गया। वर्तमान में तमिलनाडु में होना पाये जाने से तत्काल उप निरीक्षक राजेश बघेल के नेतृत्व में टीम रवाना किया गया था। आरोपी को तमिलनाडु से 19 अगस्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया और जेल भेज दिया गया है।

### कार्रवाई में इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

इस कार्रवाई में थाना किरन्दुल निरीक्षक संजय कुमार यादव, एसआई लीलाराम गंगबेर, सउनि. अनिता चौधरी, आरक्षक सोनाराम ताती, धनंजय गंजीर, जोगा कुंजाम, महिला आरक्षक सुरेखा सलाम, सोनिया नेताम , थाना कोतवाली से एसआई राजेश बघेल, आरक्षक प्रमोद यादव, थाना बचेली से एएसआई ज्योति बंजारे, महिला आरक्षक उषा सिंह, सायबर सेल दंतेवाड़ा से एसआई हेमशंकर गुनेंद्र, बेलाल सिंह व राजू राम की भूमिका रही।

## भगवान पर आपतिजनक पोस्ट करने वाले की एसपी से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

▪ विश्व हिंदू परिषद ने दोषी को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की

भगवान श्री कृष्ण पर आपत्तिजनक पोस्ट कर हिंदू धर्म विरोधी असामाजिक तत्वों द्वारा हिंदू धर्मावलंबियों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का काम लगातार किया जा रहा है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर अजय सिंह निवासी गंगामुंडा द्वारा इंस्टाग्राम में श्री कृष्ण की गोपियों के साथ फोटो डालकर अभद्र टिप्पणी करने का मामला सामने आया है।



मामला संज्ञान में आने के बाद विश्व हिंदू परिषद द्वारा इसकी शिकायत एसपी शलभ सिन्हा से करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर कठोर कार्रवाई की मांग की गई है। विश्व हिंदू परिषद के विश्व हिंदू परिषद की ओर से रवि ब्रह्मचारी, शंकरलाल गुप्ता, नवीन देवांगन, जागेश्वर साहू, मुन्ना कोरी व अन्य ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि अमर्यादित टिप्पणी को लेकर समाज के सभी वर्गों में रोष व्याप्त है। साजिश के तहत सनातन धर्मियों कि भावना को आहत करने ऐसा किया गया है। समाज में समय समय पर ऐसी घटनाएं को अंजाम दिया जा रहा है जिससे समाज में आपसी वैमनस्यता बढे। विहिप नेताओं ने बताया कि कुछ दिन पूर्व भी कोंडागांव जिले में ऐसी घटनाएं हो चुकी ▶▶| शेष पेज 12 पर

## तालाब में डूबने से चौथी की छात्रा की मौत

**जगदलपुर/बस्तर।** बस्तर थाना क्षेत्र के ग्राम चोकर सिवनाभाटा निवासी छात्रा की मंगलवार सुबह तालाब में नहाने के दौरान मौत हो गई। बताया जा रहा है कि छात्रा स्कूल जाने से पूर्व सुबह लगभग आठ बजे नहाने के लिए गांव के तालाब में गई हुई थी। लगातार बारिश के चलते तालाब में पानी लबालब भरा हुआ था। गहराई का अंदाजा नहीं होने से छात्रा ललिता यादव पिता सकरू यादव पानी में डूबने लगी। आसपास किसी के नहीं



होने से उसे बचाया नहीं जा सका। जानकारी के मुताबिक संकुल केंद्र चोकर की प्राथमिक शाला सिगड़ी तराई में छात्रा कक्षा चौथी में अध्ययनरत ▶▶| शेष पेज 12 पर



## खबर संक्षेप



### 30 सितंबर तक किया जाएगा डिजिटल क्रॉप सर्वे

**कोण्डागांव।** जिले की सभी तहसीलों में डिजिटल क्रॉप सर्वे का काम शुरू हो गया है। 15 अगस्त को शुरू हुआ यह सर्वे 30 सितंबर तक चलेगा। इस सर्वे का उद्देश्य किसानों की वास्तविक फसल स्थिति का पता लगाकर उन्हें सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिलाना है। यह पहल कृषि को आधुनिक तकनीक से जोड़कर पारदर्शिता और किसानों की आय बढ़ाने में भी सहायक होगी। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने बुधवार को ग्राम कोदागाँव जाकर चल रहे सर्वे कार्य का निरीक्षण किया और प्रक्रिया की जानकारी ली। फील्ड में सर्वेयर अपने मोबाइल में एग्रीटेक एप के माध्यम से सीधे खेत में जाकर फसल की जानकारी और फोटो अपलोड कर रहे हैं। इन जानकारियों का सत्यापन बाद में पटवारी और वरिष्ठ अधिकारी करेंगे, जिससे फसल और जमीन से जुड़ी जानकारी का सटीक मूल्यांकन हो सकेगा। खरीफ वर्ष 2025–26 के लिए कोंडागांव जिले के 281 गाँवों में 34 हजार खसरों का सर्वे किया जाना है। इस काम के लिए स्थानीय 12वीं पास युवाओं को सर्वेयर के रूप में नियुक्त किया गया है, जिन्हें प्रति खसरा 10 रुपए का मानदेय दिया जा रहा है।

### लंजोड़ा और बड़ेराजपुर में बनेंगे महतारी सदन



**फरसगांव।** विदित हो कि विधान सभा केशकाल में स्थानीय विधायक नीलकंठ टेकाम के प्रयासों से लगातार विकास के कार्य हो रहे हैं। उसी कड़ी में ग्राम पंचायत लंजोड़ा एवं बड़ेराजपुर में 30-30 लाख रुपए के महतारी सदन की स्वीकृति शासन ने दी है। बता दे कि महतारी सदन भाजपा की एक महत्वकांक्षी योजना है जिसका उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं के लिए गांव में ही काम करने के लिए जगह उपलब्ध कराना है। महतारी सदन के लिए विधायक ने 05 मई 2025 को संबंधित मंत्री को पत्राचार किए थे जिसके परिणामस्वरूप छ. ग. शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने ग्राम पंचायत लंजोड़ा एवं बड़ेराजपुर में महतारी सदन को स्वीकृति प्रदान की है। बता दें कि पहले भी विधायक नीलकंठ टेकाम के प्रयास से जामगांव, बहीगांव और सलना में महतारी सदन की स्वीकृति हो चुकी है। भाजपा महामंत्री फरसगांव प्रवीण राव ने इस अवसर पर कहा कि विधायक क्षेत्र के विकास को लेकर लगातार प्रयासरत हैं । उन्होंने विधायक के प्रति आभार प्रकट किया है। जनपद अध्यक्ष फरसगांव मानकू नेताम ने कहा कि यह सिर्फ विधायक के कारण ही संभव हुआ है।

# आलोर के लिंगेश्वरी माता मंदिर खुलने और मेला आयोजन को लेकर हुई बैठक

## साल में एक बार खुलता है लिंगेश्वरी माता का मंदिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

विकासखंड के ग्राम झाटीबन आलोर में स्थित लिंगेश्वरी माता मंदिर का द्वार इस वर्ष 3 सितंबर को खुलेगा। इस अवसर पर हर साल की तरह भव्य मेला का आयोजन होगा, जिसमें दूर-दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए बुधवार को मंदिर स्थल स्थित रंगमंच भवन में लिंगेश्वरी सेवा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों ने भाग लिया। बैठक में श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।



### ये रहे उपस्थित

बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र, एसडीएम फरसगांव अश्वन कुमार पुसाम, एसडीओ अभिनव उपाध्याय, तहसीलदार जय कुमार नाग, सीईओ जनपद रूपेन्द्र नेताम, नायब तहसीलदार निधि एस नेताम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं लिंगेश्वरी सेवा समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### 5 बजे सुबह पूजा के बाद खुलेगा

लिंगेश्वरी सेवा समिति ने बताया कि 3 सितंबर की सुबह 5 बजे पूजा अर्चना के बाद मंदिर का द्वार श्रद्धालुओं के लिए खोला जाएगा। सुबह 6 बजे से श्रद्धालु कतारबद्ध होकर माता के दर्शन कर सकेंगे।

इस दौरान तय किया गया कि बेरीकेटिंग एवं बांस-बल्ली की व्यवस्था लोक निर्माण विभाग व वन विभाग करेंगे, सफाई व्यवस्था नगर पंचायत फरसगांव संभालेगी। कानून एवं सुरक्षा की जिम्मेदारी पुलिस विभाग व तहसील प्रशासन की होगी। चिकित्सा व्यवस्था खंड चिकित्सा अधिकारी की देखरेख में रहेगी और पार्किंग व्यवस्था पुलिस विभाग और मेला समिति द्वारा की जाएगी। वही विद्युत व्यवस्था विद्युत विभाग फरसगांव देखेगा और पेयजल व्यवस्था जनपद पंचायत, नगर पंचायत व लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग मिलकर करेंगे। साथ ही मंदिर स्थल तक पहुंच मार्गों को सुव्यवस्थित करने और पार्किंग स्थलों का निरीक्षण भी किया गया।

## कोण्डागांव–नारायणपुर राष्ट्रीय राजमार्ग को भी देखा

# कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्रों और विद्यालयों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने आज कोंडागांव विकासखंड के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनवाड़ी केंद्रों और विद्यालयों का निरीक्षण किया। उन्होंने बेहतर स्वास्थ्य सेवा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सबसे पहले अंत्यावसायी प्रशिक्षण केंद्र का दौरा किया और मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत ड्राइविंग का प्रशिक्षण ले रहे युवाओं से बात की। उन्होंने अधिकारियों को प्रशिक्षण के बाद युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए उचित अवसर प्रदान करने को कहा। उन्होंने हॉफवे होम का भी निरीक्षण किया और स्वास्थ्य विभाग को हर 15 दिन में वहाँ स्वास्थ्य जांच के लिए टीम भेजने का निर्देश दिया। साथ ही, शिक्षा विभाग को वहाँ की दो बच्चियों को स्कूल में भर्ती कराने के लिए कहा। कलेक्टर ने कोण्डागांव–नारायणपुर राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बिजली के खंभों को हटाने और पेड़ों की कटाई के लंबित कार्यों को विद्युत और वन विभाग के समन्वय से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने एनएच के अधिकारियों से निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण ढंग से और समय पर पूरा करने को कहा।



### स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा व्यवस्था पर जोर

कलेक्टर ने उप स्वास्थ्य केंद्र देवखरगाँव और उमरगाँव अ और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बुनागाँव में स्वास्थ्य सुविधाओं की जाँच की। उन्होंने सभी स्वास्थ्य कर्मियों को हाई रिस्क वाली गर्भवती महिलाओं की लगातार निगरानी करने और पहले महीने में ही एएनसी पंजीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बुनागाँव के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में, उन्होंने छात्रों से बातचीत की और शिक्षकों को रफ कॉपी के बजाय सीधे फेयर कॉपी में लिखने का निर्देश दिया, जिससे समय की बचत और लिखावट में सुधार हो सके। उन्होंने किबईबालेंगा में कन्या आश्रम कोकोड़ी का भी निरीक्षण किया और पढ़ाई के साथ–साथ आवासीय व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री अविनाश भोई सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

## भानपुरी थाना में मामला दर्ज

# सोरगांव निवासी युवक की संदेहास्पद मौत





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भानपुरी थाना क्षेत्र के सोरगांव निवासी युवक की बीती रात संदेहास्पद परिस्थितियों में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवक को बीमार होने के बाद रात में अस्पताल लाया जा रहा था, लेकिन इसी बीच गांव में ही उसका उपचार किया गया। जिसके बाद हालत खराब होने के बाद उसे भानपुरी अस्पताल लाया गया, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सोरगांव निवासी रामकुमार बघेल (26) का लगभग चार माह पूर्व सांवली के साथ विवाह हुआ था। कुछ दिन पूर्व उसे बुखार की शिकायत के बाद उपचार किया जा रहा था। इसी दौरान बीती रात हालत अधिक खराब होने पर उसे भानपुरी अस्पताल लाया जा रहा था, लेकिन उपचार से पूर्व उसकी मौत हो गई। घटना की खबर लगते ही भानपुरी पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है। मामले को संदेहास्पद मानते हुए भानपुरी पुलिस व अस्पताल प्रशासन द्वारा ने शव को पीएम के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। युवक रामकुमार की मौत की वजह पीएम रिपोर्ट आने के बाद पता लग सकेगा। फिलहाल भानपुरी थाना में मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है। इधर घटना की खबर लगते ही बड़ी संख्या में कांग्रेसी थाना पहुंच गए और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। भानपुरी टीआई हर्षकुमार धुरधंर ने बताया कि युवक की मौत संदेहास्पद प्रतीत हो रहा है, जिसके चलते शव को मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। हालांकि मृतक के परिजनों ने मौत पर किसी तरह का संदेह व्यक्त नहीं किया है, लेकिन सभी पहलुओं से मामले की जांच की जा रही है।

# अधिक से अधिक प्रीलिटिगेशन प्रकरणों के निराकरण पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती किरण चतुर्वेदी के निर्देशानुसार आगामी नेशनल लोक अदालत 13 सितंबर के आयोजन की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में नेशनल लोक अदालत की तैयारियों को सुनिश्चित करना और विभिन्न विभागों के सहयोग से लंबित मामलों के त्वरित समाधान की रणनीति बनाना था।

बैठक में बैंक, दूरसंचार विभाग एवं विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने भी अपने विभागों के लंबित मामलों और उनके समाधान के लिए अपनी तैयारियों के बारे में जानकारी दी। बैठक में विभिन्न बैंकिंग मुददों, जैसे लोन रिकवरी, खातों के विवाद, और अन्य वित्तीय विवादों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर नेशनल लोक अदालत के माध्यम से इन विवादों के समाधान के लिए नए –ष्टिकोण और रणनीतियों पर विचार किया गया। सभी बैंक प्रबंधकों को इस प्रक्रिया में भागीदारी की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान किया गया ताकि त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके।



**ये रहे उपस्थितः** इस अवसर पर श्रीमती रेश्मा बैरागी पटेल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, कोण्डागांव एवं कु. गायत्री साय, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव एवं बैंक, दूरसंचार, विद्यूत विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी माकड़ी ने प्रदेश प्रतिनिधि राम कुमार को पार्टी से निकाला

हरिभूमि न्यूजः कोण्डागांव

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी माकड़ी ने एक अहम निर्णय लेते हुए पार्टी के एक सदस्य को तत्काल प्रभाव से निष्कासित कर दिया है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी माकड़ी की बैठक गुरुवार को आयोजित हुई। इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रदेश प्रतिनिधि राम कुमार कश्यप द्वारा पार्टी विरोधी गतिविधियां की जा रही हैं, जिससे पार्टी की छवि और संगठन को नुकसान पहुंच रहा है। निर्दलीय प्रत्याशी को समर्थन देने का आरोप – पत्र में लिखा गया है कि विधानसभा चुनाव के दौरान पार्टी प्रत्याशी का समर्थन करने के बजाय प्रदेश प्रतिनिधि राम कुमार कश्यप ने विरोधी प्रत्याशी का साथ दिया। इस कदम को पार्टी ने अनुशासनहीनता और कांग्रेस विरोधी कार्य मानते हुए गंभीरता से लिया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गौतम साहू ने पत्र में स्पष्ट किया कि ऐसे कार्य से पार्टी को नुकसान पहुंचा है। संगठन की एकजुटता और मजबूती के लिए ऐसे व्यक्तियों को पार्टी में बने रहना उचित नहीं है। आज 20 अगस्त को यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया है। उपस्थित पदाधिकारियों की सहमति से निर्णय लेकर प्रदेश प्रतिनिधि राम कुमार कश्यप को तत्काल प्रभाव से पार्टी से निष्कासित करने प्रस्ताव पारित कर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज को प्रेषित की गई है। एक प्रति ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की फाइल में सुरक्षित कर दी गई है और प्रदेश नेतृत्व को भी भेजी गई है।





## पेज 11 के शेष

### कंपनी की आधिकारिक ...

2499 रुपए प्रति यूनिट की दर से खरीदा, वही ट्रैक सूट कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट पर 1539 रुपए में उपलब्ध है। यानि प्रति यूनिट ट्रैक सूट पर 960 रूपए का अंतर पाया गया।

**ये भी रहे मौजूदः** इस दौरान पूर्व विधायक रेखचंद जैन, नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद, उपनेता प्रतिपक्ष कोमल सेना, सुषमा सुता, ललिता राव, असीम सुता संदीप दास, जस्टिन भवानी, एस नीला, तरनजीत सिंह, उस्मान रजा मौजूद रहे।

### भगवान पर आपतिजनक ...

हैं। असामाजिक तत्वों को किसी भी प्रकार कानून का डर नहीं दिखता जिससे हिंदुओं में काफी रोष है। ऐसे लोग पुलिस पर सवाल खड़े कर रहे हैं। इसी संदर्भ में आज विश्व हिंदू परिषद द्वारा एसपी शलभ कुमार सिन्हा को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि ऐसे समाज विरोधी लोगों को तत्काल गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कानून सम्मत कठोर कार्रवाई की जाए। एसपी द्वारा कानून सम्मत कठोर कार्रवाई करने के साथ ऐसी घटनाएं भविष्य में भी न हो इसके लिए पुलिस एक उदाहरण जरूर देगी ऐसा विश्वास व्यक्त किया गया। बहरहाल पुलिस सोशल मिडिया में पोस्ट करने वाले युवक की तलाश कर रही है जो अब तक पुलिस की पकड़ से बाहर है और उसने अपना फोन भी बंद कर रखा है।

### तालाब में डूबने से चौथी ...

थी। परिजनों को इसकी खबर लगते ही छात्रा को तालाब से बाहर निकाला गया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। परिजनों द्वारा इसकी रिपोर्ट बस्तर थाना में दर्ज कराई गई है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा मौके पर पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया गया। पीएम के बाद पुलिस शव परिजनों को सौंपकर मामले की जांच कर रही है।

## विद्यार्थियों एवं युवाओं को खेल, शारीरिक शिक्षा, स्वास्थ्य जागरुकता व नेतृत्व विकास से जोड़ा जाएगा

# कोण्डागांव में खेल एवं युवा कल्याण विभाग और गुंडाधुर महाविद्यालय के बीच एमओयू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के बीच बुधवार को एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन संपादित किया गया। इस समझौते का मुख्य उद्देश्य जिले के विद्यार्थियों एवं युवाओं को खेल, शारीरिक शिक्षा, स्वास्थ्य जागरुकता और नेतृत्व विकास से जोड़ना है। समारोह में वरिष्ठ खेल अधिकारी श्रीमती सुधा कुमार एवं क्रीड़ाधिकारी हुमन राम यदु विशेष रूप से उपस्थित रहे।

एमओयू के तहत अंतर–महाविद्यालयीन एवं जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताएँ, स्वास्थ्य एवं फिटनेस जागरुकता कार्यक्रम, प्रशिक्षण शिविर तथा नेतृत्व विकास गतिविधियाँ आयोजित की जाएँगी। साथ ही, दोनों संस्थान खेल अधोसंरचना एवं तकनीकी विशेषज्ञता का साझा उपयोग करेंगे। प्राचार्य ने इस समझौते को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह विद्यार्थियों को न केवल खेलों में भागीदारी का अवसर देगा, बल्कि उनके व्यक्तित्व, अनुशासन और आत्मविश्वास में भी वृद्धि करेगा।



### ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रें के खिलाड़ी भी मुख्यधारा से जुड़ेंगे

श्रीमती सुधा कुमार ने इसे जिले के लिए खेल क्रांति की दिशा में मील का पत्थर बताते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों को बेहतर संसाधन और प्रतिस्पर्धात्मक मंच मिलेगा। वहीं क्रीड़ाधिकारी हुमन राम यदु ने कहा कि जिले के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्रशिक्षण और मार्गदर्शन का लाभ मिलेगा, जिससे वे राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकेंगे। भविष्य की रूपरेखा में नियमित खेल महोत्सव, कार्यशालाएँ और युवा नेतृत्व एवं खेल विकास योजना के अंतर्गत विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस पहल से ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रें के खिलाड़ी भी मुख्यधारा से जुड़ सकेंगे।

# विश्रामपुरी थाना पुलिस ने छोटेराजपूर में लगाया चलित थाना



**फरसगांव।** कोंडागांव पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के निर्देश पर विश्रामपुरी थाना पुलिस ने मंगलवार को ग्राम छोटेराजपुर में चलित थाना का आयोजन किया। विश्रामपुरी थाना प्रभारी विनोद कुमार नेताम ने चलित थाना के माध्यम से उपस्थित ग्रामीण और स्कूली बच्चों को नए कानून के बारे में, ऑनलाइन साइबर ठगी, एटीएम ठगी, महिला अपराध, बाल अपराध, पॉक्सो एक्ट, यातायात नियमों की जानकारी, नशा मुक्ति के संबंध में जानकारी देकर नशे से दूर रहने कहा, गांव में बाहरी और संदिग्ध व्यक्ति आने या घूमते पाए जाने पर थाने में सूचना देने कहा, साथी अन्य जानकारी बातकर जागरूक किया गया । वहीं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के वालंटियर के द्वारा उपस्थित लोगों को कानून संबंधी जानकारी देकर जागरूक किया गया ।

**खबर संक्षेप**

### जिले में अब तक 1008.4 मिमी. वर्षा दर्ज

**बीजापुर।** कलेक्टर कार्यालय भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के सभी तहसीलों में एक जून से अब तक 1008.4 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस दौरान सर्वाधिक 1186.1 मिमी. औसत वर्षा बीजापुर में दर्ज की गई है। इसी तरह कुटरू में 1156.5 मिमी. वर्षा, भैरमगढ़ में 1117.8 मिमी. वर्षा, गंगालूर में 1117.2 मिमी. वर्षा, उसूर में 812.4 मिमी. वर्षा एवं भोपालपटनम में 660.3 वर्षा दर्ज की गई है।

### राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेसियों ने किया याद



**लोहंडीगुड़ा।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की बुधवार को जयंती मनाई गई। लोहंडीगुड़ा के कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर अध्यक्ष लक्ष्मण कश्यप, महेश कश्यप, ललित पाण्डेय, विजय उइके, केदार सिंह, बारसू राम नाग व भावर मौर्य ने राजीव गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोहंडीगुड़ा में मरीज़ों को फल वितरण किया है। राजीव गांधी को याद करते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि उन्होंने देश को तकनीकी क्रांति और आधुनिक भारत की नींव दी। उन्होंने आईटी और कंप्यूटिंग को भारत में बढ़ावा दिया है। राजीव गांधी को भारत में सूचना प्रौद्योगिकी क्रांति का अगुवा माना जाता है। उन्होंने कंप्यूटर और माइक्रो-प्रोसेसर आधारित तकनीक को नीतिगत स्तर पर स्वीकृति दी। आयात-उन्मुख बाधाओं को कम किया और घरेलू निर्माण को प्रोत्साहित किया। विश्वविद्यालयों और तकनीकी संस्थानों में कंप्यूटर शिक्षा और डेटा प्रोसेसिंग पाठ्यक्रमों को बढ़ावा दिया। इन्हीं प्रयासों का परिणाम है कि बाद में भारत आईटी सेवाओं का वैश्विक केंद्र बन पाया। आज बैंकिंग, बीमा, डाकघर और सरकारी दफ्तरों में डिजिटल सेवाओं का उपयोग उनकी नींव का ही नतीजा है।

### शैक्षणिक संस्थानों में हुआ न्योता भोज



**गीदम।** आजादी के अमृत महोत्सव की कड़ी में गीदम विकासखंड के सभी शैक्षणिक संस्थानों में हर्षोल्लास के साथ राष्ट्रीय पर्व मनाया गया। इसी अवसर पर प्रधान मंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत विशेष न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गीदम विकासखंड के 152 प्राथमिक एवं 72 माध्यमिक विद्यालयों में एक साथ न्योता भोज सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ उनके पालकगण, शाला विकास समिति के सदस्य एवं स्थानीय जनप्रतिनिधिगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रांगण में तिरंगा झंडा फहराने के उपरांत सामूहिक रूप से सभी ने भोजन कर आपसी सौहार्द, भाईचारे और एकता का संदेश दिया। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत आयोजित इस न्योता भोज ने न केवल विद्यार्थियों में पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाई, बल्कि विद्यालय और समाज के बीच सहयोग एवं सहभागिता को भी सशक्त किया।

# कलेक्टर ने बेदरे में निर्माण कार्यों और शासकीय संस्थाओं का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज : बीजापुर

कलेक्टर संबित मिश्रा एवं जिला पंचायत सीईओ नम्रता चौबे ने बेदरे क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विकास कार्यों, शैक्षणिक संस्थानों, स्वास्थ्य केंद्र तथा पोटा केबिन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सबसे पहले कलेक्टर ने बेदरे में निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण किया और अधिकारियों से प्रगति रिपोर्ट ली। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने तथा पुल का निर्माण समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। इसके बाद कलेक्टर एवं सीईओ ने शासकीय बालक आश्रम और कन्या आश्रम बेदरे का निरीक्षण किया। आश्रमों में रह रहे विद्यार्थियों से बातचीत कर उनकी पढ़ाई, भोजन व अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बच्चों को मेन्यू के अनुसार पौष्टिक मध्यान्ह भोजन उपलब्ध कराया जाए, ताकि बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण पर कोई कमी न हो । निरीक्षण के दौरान नवीन कन्या आश्रम भवन का भी अवलोकन किया गया, जिसे शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए।

■ एम्बुलेंस व स्वास्थ्य सेवाओं को जल्द उपलब्ध कराने का दिया आश्वासन



इसके उपरांत अधिकारियों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेदरे का निरीक्षण किया। यहां उपस्थित ग्रामीणों ने कलेक्टर से एम्बुलेंस सुविधा, चिकित्सक एवं पर्याप्त स्वास्थ्य स्टाफ की मांग रखी। ग्रामीणों का कहना था कि क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की कमी के कारण उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कलेक्टर ने उनकी मांगों को गंभीरता से लेते हुए जल्द ही आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया।

निरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत पोटा केबिन बेदरे का भी अवलोकन किया गया। कलेक्टर ने साफ-सफाई पर विशेष जोर देते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि बच्चों के रहने और पढ़ने के लिए सुरक्षित व स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बच्चों को बीमारियों से बचाने हेतु स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया तथा पोटा केबिन की व्यवस्थाओं को और अधिक सुगम एवं प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

## एजुकेशन हब जावंगा अब बनेगा स्पोर्ट्स सिटी

# कलेक्टर ने जावंगा एजुकेशन सिटी में चल रहे निर्माण कार्यों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा/गीदम

एजुकेशन सिटी जावंगा को जिले में शिक्षा हब की संज्ञा दी जाती है अब यहां मूलभूत खेल सुविधाएं और अधोसंरचना विकसित कर इसे एक स्पोर्ट्स सिटी रूप देने का जिला प्रशासन की ओर से विशेष पहल की जा रही है। इन सुविधाओं की बदौलत स्थानीय स्तर के खिलाड़ियों को सर्व सुविधा युक्त खेल परिसर मिलेगा। इसके अलावा वे अपने पसंदीदा खेल को परिष्कृत कर उसमें पारगंत होने में भी शुरुआती मदद मिलेगी।

■ प्रशासन बेसिक खेल सुविधाओं को विकसित करने के लिए है अग्रसर



इस क्रम में जिला प्रशासन द्वारा यहां क्रिकेट स्टेडियम, आर्चरी रेंज, खेल मानकों के अनुसार स्वीमिंग पूल, का निर्माण किया जा रहा है। आज इस संबंध में कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा निर्माणाधीन क्रिकेट स्टेडियम, स्विमिंग पूल, आर्चरी रेंज (तीरंदाजी) का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने क्रिकेट स्टेडियम में शेड, पवेलियन, गैलरी, बाउंड्री वॉल निर्माण, स्टेडियम में लाइटिंग व्यवस्था के बारे में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। तथा इसके पूर्ण होने के मियाद भी निर्धारित की।

इस अवसर पर कलेक्टर ने तीरंदाजी के विशेष प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए पूरी लगन से इसे इसमें महारत हासिल करने की समझाइश दी इस दौरान उन्होंने भी तीरंदाजी के लक्ष्य बोर्ड पर निशाना साधा। मौके पर उन्होंने कहा कि गीदम जावंगा एजुकेशन सिटी में खेल सुविधाओं को विकसित करने का उद्देश्य यह है कि स्थानीय प्रतिभाओं को प्रारंभिक दौर की सभी खेल सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जा कर उन्हें राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के खेलों के लिए तैयार किया जा सके। इसके अलावा खेलो इडिया खेलो एवं बस्तर ओलोपिंक जैसी स्पर्धाएं भी यहां सफलतापूर्वक आयोजित की जा सकेगीं। पूर्व में भी राज्य एवं राष्ट्रीय खेलों में भी स्थानीय प्रतिभाओं ने उत्साहजनक प्रदर्शन कर जिले का नाम रौशन किया है। अतः आगामी दिनों में निश्चय ही यहां के खिलाड़ियों के लिए जावंगा स्पोर्ट्स सिटी एक बेहतर मंच के रूप में विख्यात होगा। इस मौके अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

### समय सीमा और गुणवत्ता में कार्य न होने पर कार्य एजेंसियां होगी जवाबदेह

कलेक्टर कुणाल दुद्वावत ने आज बारसूर नगर पंचायत अन्तर्गत चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यो का औचक निरीक्षण करते हुए कार्यो की वर्तमान प्रगति गुणवत्ता और समय सीमा के भीतर निर्माण पूर्ण करने की दिशा में किए जा रहे कार्यो की समीक्षा की। इसके साथ ही कलेक्टर ने बारसूर में ही बारसूर जलाशय के समीप बनाये जा रहे "जिप लाईन" निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। गौरतलब है कि पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए इस ऐतिहासिक तालाब के पर बनाए जा रहे "जिप लाईन" निर्माण से पर्यटक टावर के माध्यम से इस जलाशय के विहंगम दृश्य का आनंद ले सकेगें। इसके अलावा यहां पर प्रशासन द्वारा वाटर एडवेंचर स्पोर्ट्स सुविधाएं भी विकसित की जा रही है। और बारसूर जलाशय में पर्यटकों हेतु बोट सुविधा भी उपलब्ध होगी। जिससे यहां न केवल भ्रमण उद्वेश्य से लोगों की आवाजाही में बढ़ोत्तरी होगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार भी उपलब्ध होंगे। कलेक्टर ने यहां बच्चों के लिए प्ले एरिया, गार्डन, एवं चौपाटी का निर्माण की जाने की भी बात कही साथ ही इसके संचालन हेतु स्व सहायता समूह की महिलाओं को तैयार किए जाने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने सातधार मार्ग स्थित पर्यटक "काटेज निर्माण" कार्य का भी मुआयना कर इसकी समय सीमा निर्धारित किया। इस मौके अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

## आश्रम अधीक्षक के बिगड़े बोल, शासन ने मुझे हैंडोवर की है इसलिए यह मेरा


बीमार बच्चों को अस्पताल भेजने की अधीक्षक को फुर्सत नहीं
गंदगी से 11 बच्चे बीमार, पानी टपकते छत के नीचे सोने मजबूर



■ नोटिस देकर अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों से हो जाते हैं बरी, अव्यवस्थाएं जस की तस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

बीमार बच्चों का इलाज नहीं कराने वाले लापरवाह आश्रम अधीक्षक के बिगड़े बोल, सरकार ने मुझे आश्रम हैंडोवर किया, किसकी इजाजत से आप प्रवेश किये।

गौरतलब हैं की कल उसूर ब्लॉक के गलगम आश्रम में 11 मासूम बीमार पाये गये, गंदगी औऱ आश्रम में रख रखाव की व्यवस्था दयनीय थी, लेकिन आश्रम अधीक्षक को सब कुछ सही लग रहा हैं। उनके नज़रिये से आश्रम में क़ोई गंदगी नहीं हैं और न ही बच्चे बीमार हैं। आश्रम अधीक्षक कन्ना सोढ़ी से बात कर बच्चों को हॉस्पिटल में दाखिल कराने के संदर्भ में पूछने पर कहा की क़ोई बच्चा बीमार नहीं हैं। सभी भले चंगे हैं। कल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जांच करा दिया था। साफ सफाई औऱ प्रसाधन की व्यवसाथ नहीं होने के सवाल पर बिलख गये। जिनका कहना हैं आश्रम में आप किसकी इजाजत से अंदर प्रवेश किये, किसने अधिकार दिया हैं, सरकार नें मूझे आश्रम हैण्डओर किया इसलिये वह मेरा घर हैं। आश्रम अधीक्षक के लेहजा के अनुसार यह साफ लग रहा हैं जंगलों में रहने वाले आदिवासी बच्चों को अच्छी व्यवस्था क्यों दें आखिर जिम्मेदार इन बदहाल व्यवस्थाओं को दुरुस्त करना जरूरी क्यों नहीं समझ रहे।

**स्कूल में वाटर कूलर मगर कभी चालू ही नहीं किया**

आश्रम में वाटर कूलर मगर कभी चालू ही नहीं किया, हैंडपम्प, बोर का अयान पानी पीते हैं जिन्हे मासूम बच्चो को शुद्ध-अशुद्ध पानी का फर्क नहीं मालूम, बीमारी का मुख्य कारण यह भी हैं की दूषित पानी से बच्चों को पेट दर्द की शिकायतें हो रहीं हैं नतीजा डायरिया, टाइफाइड जैसी बीमारी का शिकार हो जाते हैं।

# रजत महोत्सव पर आस्था विद्या मंदिर के बच्चों ने नृत्य की दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज : गीदम

छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पूरे प्रदेश में ₹छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव₹ का आयोजन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग के द्वारा स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रदेश के समस्त जिलों में आयोजित कार्यक्रमों में छत्तीसगढ़ रजत प्रतीक चिन्ह₹ का उपयोग कर विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुति देने का दिशा निर्देश दिया गया था। इसका परिपालन में जिला प्रशासन दंतेवाड़ा तत्वावधान में स्कूल शिक्षा विभाग दंतेवाड़ा सहयोग से आस्था विद्या मंदिर इंग्लिश मीडियम स्कूल जावंगा के बच्चों ने विकसित छत्तीसगढ़ पर आधारित सांस्कृतिक नृत्य दंतेवाड़ा जिला मुख्यालय परेड मैदान में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रस्तुति दी। नृत्य में छत्तीसगढ़ में पूरे 25 वर्ष में विकास कार्यों, शासन के योजनाएं एवं उपलब्धियों को सुंदर ढांचे के रूप में



प्रदर्शन किया। जिसे देखकर उपस्थित समस्त लोग मंत्रमुग्ध होगए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुडामी और अन्य जनप्रतिनिधियों ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद जिले एवं प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य, यातायात, उद्योग, व्यापार, बुनियादी ढाँचे और सामाजिक उत्थान के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। इस कार्यक्रम में जिला कलेक्टर कुणाल दुदावत आईएएस, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जयंत नाहटा आईएएस, पुलिस अधीक्षक गौरव राय आईपीएस, जिला शिक्षा अधिकारी एस के अंबस्ता, जिला मिशन समन्वयक हरीश प्रताप गौतम, एपीसी राजेंद्र प्रसाद पांडे, आस्था विद्या मंदिर प्राचार्य बिरेंद्र कुमार शर्मा ने बच्चें एवं मार्गदर्शक शिक्षकों को शुभकामनाएं व बधाई दी। बच्चों का उक्तृष्ट प्रस्तुति के लिए अतिथियों एवं अधिकारियों ने स्मृति चिन्ह भेंट दे कर सम्मानित किया।

### नारद जयंती पर वरिष्ठ पत्रकारों का हुआ सम्मान



**सुकमा।** शबरी माता जनकल्याण सेवा समिति सुकमा द्वारा नारद जयंती के अवसर पर जिले के वरिष्ठ पत्रकारों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम रविवार को सुकमा प्रेस क्लब में हुआ, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में रायपुर से वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक अरविंद मिश्रा तथा मुख्य अतिथि के रूप में जिला जनसंपर्क अधिकारी सुखसागर वारे उपस्थित रहे।
कार्यक्रम की शुरुआत माँ दंतेश्वरी, भारत माता एवं महर्षि नारद के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन और पुष्प अर्पित कर की गई। इसके बाद अतिथियों का तिलक व पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।
मुख्य वक्ता अरविंद मिश्रा ने कहा कि पत्रकारिता समाज का दर्पण है, इसमें जिम्मेदारी और निष्पक्षता सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की एकता और अखंडता में पत्रकारिता का योगदान ऐतिहासिक रहा है। मिश्रा ने पंचपरिवर्तन की दिशा में कार्य करने पर बल दिया जिसमें स्वदेशी, सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्य, परिवार प्रबोधन और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में मीडिया की अग्रणी भूमिका है।

# भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की जयंती पर विधायक बघेल ने किया नमन




हरिभूमि न्यूज ⏭ घाटलोहंगा/भोण्ड

बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने आज अपने निवास स्थल पर भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की जयंती पर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए और उन्हें नमन किया।

इस अवसर पर विधायक बघेल ने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी ने अपने कार्यकाल में दूरदर्शी सोच और प्रगतिशील विचारों से भारत को नई दिशा दी उन्होंने भारत को 21वीं सदी की आधुनिक सोच से जोड़ते हुए तकनीक और प्रगति के क्षेत्र में मजबूत नींव रखी। उन्होंने लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाने हेतु पंचायती राज व्यवस्था को मजबूती दी तथा युवाओं को राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा से जोड़कर उन्हें सक्रिय भूमिका निभाने का अवसर प्रदान किया।

विधायक ने कहा कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्व. राजीव गांधी ने प्रगति और विकास के नए द्वार खोले आज भी उनके विचार और कार्य समाज एवं देश के लिए प्रेरणास्रोत बने हुए हैं। उनके योगदान की अमिट छाप भारतवासियों के दिलों में सदैव अंकित रहेगी। इस दौरान मौजूद रहें चंपा ठाकुर, गणेश बघेल, तुलाराम सेठिया, हेमंत कश्यप, जयंती नेताम, जितेंद्र तिवारी, राजेश कुमार, तुलसीराम ठाकुर, विजय भारती, कमला, एवं समस्त कार्यकर्त्तागण उपस्थित रहें।

# सुदूर अंचल के शालाओं का एबीईओ ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानपुरी

सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी सुशील तिवारी ने अपने सतत निरीक्षण के क्रम में संकुल फरसागुड़ा के प्राथमिक व माध्यमिक शाला बड़ेपारा भानपुरी व हायर सेकंडरी फरसागुड़ा का निरीक्षण किया। संकुल कुंगारपाल के प्राथमिक शाला व माध्यमिक शाला भट्टीपारा का अवलोकन किया गया।

प्राथमिक शाला भवन में बच्चों की औसत उपस्थिति आशा के अनुरूप नहीं पाई गई, जबकि इस शाला में पर्याप्त 3 शिक्षक पदस्थ है। तीनों को अधिकारी द्वारा फटकार लगाते हुए सतत पालकों से सम्पर्क करने निर्देशित किया। वही सम्बन्धित संकुल समन्वयक को भी स्थिति सुधारने की हिदायत दी गई। अपने अगले भ्रमण के दौरान हायर सेकेंडरी



कुंगारपाल में उपस्थित होकर शाला का निरीक्षण किया। सभी प्रयोगिक लेब का मुआयना किया व सामग्रियों के व्यवस्थित रख रखाव की स्थिति देखी। फिर क्लास में बच्चों के बीच पहुंचकर विषय से सम्बंधित चर्चा की व अध्यापन भी करवाया गया। बच्चों से प्रयोगिक कार्य करवाने के सम्बंध में जानकारी भी ली। क्लास 12वी में रसायन विषय के कालखण्ड में कार्बनिक रसायन से सम्बंधित सवाल अधिकारी द्वारा पूछे गए जवाब न मिलने पर स्वयं ब्लैकबोर्ड के माध्यम से रासायनिक समीकरण द्वारा समझाया गया। फिर स्टाफ रूम पहुंचकर उपस्थित सभी स्टाफ से शाला समय पर खुलने व बन्द होने व टाइम टेबल अनुसार अध्यापन कार्य करने प्रयोगिक कार्य प्रारंभ करने सम्बन्ध में उपस्थित स्टाफ से रूबरू होकर चर्चा की गई। डेली डायरी का अवलोकन भी किया गया। कुछ कमियां पाई गई, जिसे त्वरित सुधार करने निर्देशित किया गया। अधिकारी द्वारा बताया कि केवल शीर्षक लिखकर इतिश्री नहीं किया जाय बल्कि अध्यापन विवरण का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए। क्योंकि यह शिक्षक का दर्पण होता है। सालेमेटा संकुल के अंर्तगत, माध्यमिक शाला पखनाकोंगेरा व हाइस्कूल पखनाकोंगेरा का निरीक्षण किया गया। जिसमें कक्षा 7वी व 8वी के बच्चों से रूबरू होकर गणित विषय के बारे में जानकारी दी गई। अधिकारी को अपने बीच पाकर बच्चे काफी खुश नजर आ रहे थे। फिर अधिकारी द्वारा हाइस्कूल में कक्षा 9वीं की क्लास ली गई, जिसमें संस्कृत विषय में हिंदी से संस्कृत अनुवाद कैसे किया जा सकता है कि जानकारी धातुरूप व धातुक्रिया को ब्लैकबोर्ड में चार्ट बनाकर समझाया गया। अगले क्रम में पूर्व माध्यमिक शाला सोरगांव व हाईस्कूल सोरगांव का निरीक्षण किया गया। यहां भी 6वीं,7वीं व 8वीं के बच्चों की क्लास ली गई। जिसमें अंग्रेजी, गणित व विज्ञान विषय की जानकारी देते हुए श्यामपट का प्रयोग भी किया गया।

बच्चों का स्तर सन्तोषप्रद पाया गया। एक बच्चे द्वारा 26 तक का पहाड़ा सुनाने पर अधिकारी द्वारा तुरन्त पारितोषित भी किया गया। शाला के सभी अभिलेखों का अवलोकन, डेली डायरी का अवलोकन भी किया गया। मध्यान्ह भोजन व्यवस्थित पाया गया। जिसमें सभी उपस्थित 85 बच्चों को विशेष रूप से प्रति छात्र एक-एक अंडा परोसा गया था। निरीक्षण के दौरान बीआरसी अजम्भर कोर्राम साथ में उपस्थित थे। अधिकारी ने बताया कि उनका निरीक्षण निरन्तर सतत जारी रहेगा।

# साइबर फ्राड से बचने दी सलाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा

दरभा पुलिस द्वारा साप्ताहिक बाजार में चलित थाना लगाकर ग्रामीणों को साइबर अपराध, महिला एवं बच्चों से संबंधित अपराध यातायात नियमों एवं नशे के दुष्प्रभाव के बारे में बुधवार को बताकर आमजन को ऑनलाइन ठगी, डिजिटल फ्रॉड और साइबर अपराधों से सतर्क करना रहा।

कार्यक्रम में दरभा थाना प्रभारी चाणक्य नाग की साइबर पुलिस टीम और बैंक के अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों से संवाद किया। उन्होंने बताया कि त्योहारों के दौरान साइबर अपराधी विभिन्न तरीकों से ठगी की घटनाओं को अंजाम देने की कोशिश करते हैं, जैसे नकली वेबसाइट बनाना, फर्जी क्यूआर कोड भेजना, केवाईसी अपडेट के




नाम पर फर्जी कॉल करना आदि, अधिकारियों ने बताया कि यदि कोई कॉल, मैसेज या लिंक संदिग्ध लगे तो उस पर कोई जानकारी साझा न करें और ऐसी किसी भी घटना की जानकारी तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दें। इस दौरान कई नागरिकों ने अपने साथ हुई साइबर ठगी की घटनाएं साझा कीं, जिस पर थाना प्रभारी ने उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और समाधान के लिए जरूरी सलाह दी। मौजूद नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है। यदि ठगी की सूचना समय रहते मिल जाए तो बैंकिंग लेन-देन को रोका जा सकता है और नुकसान से बचा जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### डॉ. माणिक बने हिंदी सलाहकार समिति के राष्ट्रीय सदस्य



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य से संबंध रखने वाले डॉ. माणिक विश्वकर्मा नवरंग को कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति में राष्ट्रीय सदस्य के रूप में चुना गया है। यह नियुक्ति भारत सरकार के गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग द्वारा केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय की अनुमति के बाद की गई है। राजभाषा विभाग की संयुक्त सचिव मीनाक्षी जौली द्वारा जारी की गई है। इससे छत्तीसगढ़ विश्वकर्मा मय (बढ़ई) मनु (लोहार) कल्याण संघ एवं विश्वकर्मा समाज उत्थान समिति बस्तर संभाग के पदाधिकारियों, सदस्यों में हर्ष व्याप्त है। डॉ. माणिक ने कहा कि वे मंत्रालय के साथ मिलकर तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास में हिंदी भाषा के समावेश और प्रचार-प्रसार के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे।

### यूथ हॉस्टल इकाई संगठन का विस्तार



**जगदलपुर।** अंतरराष्ट्रीय संस्था यूथ हॉस्टल की इकाई की बैठक में सचिव रेखा परेया ने संस्था के मीडिया प्रभारी मनीष मूलचंदानी को बताया कि सलाहकार के तौर पर डॉ आजाद और डॉ प्रदीप पांडे ने ज़िम्मेदारी ली। इनके अलावा एपीसी एडवेंचर कॉर्डिनेटर में आशिफ, ईपीसी योगेश गर्ग,एचडीसी छात्रावास विकास समन्वयक ललित अग्रवाल,सीपीसी सांस्कृतिक कार्यक्रम की हितेश ने जिम्मेदारी ली। सह सचिव निकिता,सह कोषाध्यक्ष बलराम को बनाया गया है। इनके अलावा 5 नए कार्यकारिणी सदस्य कनक,रोहित,संगीता,मंगली,प्रियंका चुने गए हैं।

### प्लेसमेंट कैम्प 22 को

**जगदलपुर।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बस्तर में राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप प्लेसमेंट का आयोजन 22 अगस्त को किया गया है। प्राचार्य आईटीआई बस्तर एके मण्डले से मिली जानकारी के अनुसार उक्त अप्रेंटिसशिप प्लेसमेंट में आईटीआई के व्यवसाय-मशीनिष्ट, टर्नर, फिटर एवं वेल्डर के उत्तीर्ण व अंतिम वर्ष के प्रशिक्षणार्थियों को अप्रेंटिसशिप प्लेसमेंट में अवसर प्रदान किया जाएगा।

# भगवान श्रीकृष्ण पर अभद्र टिप्पणी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिला बस्तर में एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। ईसाई धर्म के अजय सिंह नामक व्यक्ति ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से हिंदू धर्म के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट साझा की। इस पोस्ट में भगवान श्री कृष्ण की पोशाक और चरित्र को लेकर अभद्र टिप्पणी की गई थी, जिससे हिंदू समुदाय की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं।

अजय सिंह ने अपने पोस्ट में लिखा था,अपने बच्चों को कृष्ण की पोशाक तक सीमित रखिये चरित्र कृष्ण जैसा मत बनाने देना नहीं तो दफा आईपीसी 376,379,354 धाराओं का सामना करना पड़ सकता है। इस पोस्ट के साथ एक फोटो भी साझा की गई थी,जिसमें तालाब में नहाती हुई लड़कियां और तालाब से लगे पेड़ पर भगवान कृष्ण को बैठे हुए दिखाया गया था। यह पोस्ट हिंदू आस्था को ठेस पहुंचाने और समाज में गलत विचारों को प्रचारित करने के उद्देश्य से की गई थी।

बस्तर जिला धाकड़ समाज युवा संगठन ने इस मामले में तत्काल संज्ञान लेते हुए थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा है। संगठन ने मांग की है कि अजय सिंह के खिलाफ कठोर कार्रवाई करते हुए उसे सजा दिलाई जाए। धाकड़ समाज जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर ने भी अपने लेटर हेड पर भौतिक रूप से समर्थन दिया है।

**धाकड़ समाज युवा संगठन ने थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन**



**ये रहे मौजूद**

इस दौरान धाकड़ युवा संगठन के विक्रम सिंह, प्रेम सागर, रूद्रप्रताप सिंह ठाकुर, अमित, पारेश्वर ठाकुर, रितेश,मनोज कुमार, प्रकाश ठाकुर, इंद्रनारायण, गौरव, संजीव, योगेश, दीपक, जगदीश, प्रकाश चकरीराव, कन्हैया, मनोज सोना, धाकड़ युवा एवं विश्व हिंदू परिषद से जिला सह मंत्री घनश्याम नाग जिला सह संयोजक योगेश रैली विद्यार्थी प्रमुख पवन राजा आदि शामिल रहे।

## विद्युत कंपनी के एमडी पहुंचे सर्वाधिक नक्सल प्रभावित क्षेत्र पूवर्ती

# खूंखार नक्सली हिड़मा के गांव तक बिजली पहुंचाने का कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग अंतर्गत सुकमा जिले के सर्वाधिक नक्सल प्रभावित क्षेत्र एवं खूंखार नक्सली हिड़मा के गांव पूवर्ती में विद्युत कंपनी की ओर से नियद नेल्लानार योजना से बिजली पहुंचाने का कार्य शुरू किया गया है। इस कार्य का विद्युत कंपनी के एमडी भीम सिंह कंवर ने ईडी टीके मेश्राम, जेएस नेताम, एसीई एके गुप्ता की टीम के साथ बुधवार को निरीक्षण किया। बताया जा रहा है कि पूवर्ती गांव टॉप नक्सलियों का बना था पनाहगार, हिड़मा ने यहां कायम किया खौफ का साम्राज्य रहा। सुकमा और बीजापुर जिले के सीमा पर वीरान पूवर्ती गांव में अब फोर्स के पहुंचने से बीआरओ की ओर से सड़क निर्माण कार्य शुरू कर दिया है, अब विद्युत कंपनी भी वहां तक बिजली पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही एमडी की टीम ने पूवर्ती गांव के ग्रामीणों से चर्चा की। बस्तर प्रवास के दौरान बुधवार को ही एमडी ने निर्माणाधीन जगरगुंडा उपकेन्द्र का भी अवलोकन किया। इसी तारतम्य में बस्तर संभाग के धूर नक्सल प्रभावित उसूर एवं कोंटा ब्लॉक के ग्रामों में विद्युतिकरण का कार्य प्रगति पर है।

**अंदरूनी क्षेत्र में निर्माणाधीन विद्युतिकरण कार्य का एमडी ने किया निरीक्षण**





■ विद्युत कंपनी की ओर से नियद नेल्लानार योजना से किया जा रहा विद्युतिकरण



**ठेकेदार को दिए निर्देश**

निरीक्षण के दौरान एमडी ने क्षेत्र के अधिकारियों एवं ठेकेदारों को निर्देश किया कि तय समय में विद्युतिकरण कार्य पूरा करें, अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय परिसर बना तालाब



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के परिसर में बरसात का पानी भर जाने से उत्पन्न अव्यवस्था शीघ्र कार्यवाही कर उचित व्यवस्था करने को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी को युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष हेमंत कश्यप ने मांगपत्र सौंपा।

■ **बारिश के दौरान बच्चों के जूते-मोजे भींगने से दिनभर गीला पहन क्लास में पढ़ने पर विवश**

शहर स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के परिसर में बरसात के मौसम में पानी भर जाने के कारण विद्यालय के समस्त बच्चे तथा शिक्षक शिक्षिकाओं को आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों को पूरे दिन गिले मोजे और जूते के साथ बैठना पड़ता है। युवा कांग्रेस मांग करता है कि स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रजी माध्यम विद्यालय के परिसर में बरसात का पानी भर जाने के कारण उत्पन्न अव्यवस्था से निजात पाने हेतु जल्द कार्यवाही कर व्यवस्था करें।

जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल ने आत्मानंद विद्यालय परिसर में शीघ्र उचित कार्यवाही कर व्यवस्था दुरस्त करने का आश्वासन दिया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष संदीप सिंह, जिला महासचिव तरणजीत सिंह, जिला सचिव विजय भारती उस्मान रजा, समीर, लरेहान व अन्य युवा सम्मलित थे।

# एनएचएम कर्मचारियों ने 10 मांगों को लेकर निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

एनएचएम कर्मचारी संघ के बेनर तले स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के कर्मचारी 10 सूत्रीय मांगों (नियमितीकरण, ग्रेड पे, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, लंबित 27 फीसदी वेतनवृद्धि सहित) को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल तीसरे दिन लगे रहे। संघ की जिला अध्यक्ष श्रीमती शकुन्तला जंगले ने बताया कि कर्मचारियों ने कई बार मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर अपनी जायज मांगें रखीं, लेकिन लगातार अनदेखी की गई।



बुधवार को एनएचएम ने शहर में रैली निकाली। हड़ताल में मुख्यमंत्री के नाम मोदी की गारंटी का ज्ञापन शहर के भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पांडेय को दिया गया और याद दिलाया गया कि मोदी की गारंटी 100 दिन में पूरा करने का गारंटी दिया था।

# कांग्रेसियों ने मनाई राजीव गांधी की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राजीव भवन में जिला कांग्रेस कमेटी शहर द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती मनाई गई। इस दौरान शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा उनके तैलचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया।

मौर्य ने बताया राजीव गांधी एक दूरदर्शी सोच वाले व्यक्ति थे, जिन्होंने सूचना क्रांति की नींव रखकर भारत को एक नए युग की ओर अग्रसर किया। पंचायती राज को मजबूती देने और युवाओं की लोकतंत्र में भागीदारी सुनिश्चित करने जैसे उनके कार्यों को हमेशा याद किया जाएगा। पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने कहा स्व.राजीव गांधी युवा शक्ति के प्रेरणास्त्रोत रहे। उन्होंने अपनी नीतियों से युवाओं को सशक्त, स्वतंत्र और आत्मनिर्भर बनाया और भारत को तकनीकी और डिजिटल युग की ओर बढ़ाया।



इस दौरान नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी, लता निषाद, कोमल सेना, हनुमान द्विवेदी, रविशंकर तिवारी, अंगद त्रिपाठी, नरेंद्र तिवारी, एम वेंकट राव, सहदेव नाग, संदीप दास, तरनजीत सिंह, ललिता राव, अंजना नाग, एस नीला, ज्योति राव, हेमंत कश्यप, पार्षद जस्टिन भवानी, कमलेश पाठक, उस्मान रजा, सलीम जाफर अली, हरिसिंह, मोहसिन खान, समीर कुरैशी आदि मौजूद रहे।

# बस्तर रेल को बिलासपुर जोन में शामिल करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्य (डीयूआरसीसी) कमलेश विश्वकर्मा ने भारत सरकार के रेलमंत्री को पत्र लिखकर जगदलपुर समेत बस्तर जिले में सम्मलित समस्त रेलवे स्टेशन को विशाखापटनम रेलवे ज़ोन से हटाकर बिलासपुर रेलवे जोन अथवा में सम्मिलित करने की मांग की है। कमलेश विश्वकर्मा ने कहा कि बस्तर अंचल के लाखों नागरिकों की आवश्यकताएं जगदलपुर रेलवे स्टेशन से जुड़ी हुई हैं। वर्तमान में यह स्टेशन विशाखापटनम रेलवे डिवीजन (पूर्व तट रेलवे ज़ोन) के अंतर्गत आता है। इसके कारण छत्तीसगढ़ के यात्रियों को रेल सुविधाओं, विकास कार्यों, समयबद्ध संचालन तथा प्रशासनिक संवाद में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने तर्क दिया कि बस्तर का भौगोलिक, प्रशासनिक, सामाजिक और भाषाई जुड़ाव छत्तीसगढ़ से है, न कि आंध्रप्रदेश से। इसलिए जगदलपुर रेलवे स्टेशन को बिलासपुर रेलवे जोन या रायपुर जोन में सम्मिलित किया जाना जनहित में होगा। और स्पष्ट किया कि इस पहल से न केवल यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी, बल्कि रेल प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय भी स्थापित होगा। उन्होंने रेल मंत्री से इस जनभावना को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कार्रवाई करने की अपील की है, ताकि बस्तर क्षेत्र का समग्र रेल विकास सुनिश्चित हो सके।



■ **रेल मंत्री को डीआरयूसीसी ने भेजा पत्र**

# महंगाई भत्ते की घोषणा अस्पष्ट तथा भ्रमपूर्ण



**जगदलपुर।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ बस्तर संभाग के संभागीय अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय मंत्री राम नारायण ताटी ने जारी बयान में कहा कि कैबिनेट की बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 2 प्रतिशत बढ़ोत्तरी की जो घोषणा की है वह अस्पष्ट और भ्रम पूर्ण है। केंद्र सरकार के कर्मचारियों को जनवरी 2025 से 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता में बढ़ोत्तरी का लाभ मिल रहा है किंतु मुख्यमंत्री के घोषणा के मुताबिक छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों को अगले माह इसका लाभ मिलेगा। याने छत्तीसगढ़ सरकार कर्मचारियों के पिछले सात माह की एरियर राशि को डकारना चाहती है। इस घोषणा में पेंशनरों का कहीं कोई जिक्र ही नहीं है। महंगाई राहत की घोषणा करने की मांग करने वाले पेंशनरों में किशोर कुमार जाधव, अब्दुल सत्तार खान, शिव प्रसाद मिश्रा, रमापति दुबे, आरएस पांडे, एसडी माझी, एलएस नाग, एसपी ठाकुर, सुरेश दलाई, अनिंद्य कुमार बागची, बीएस नेताम, करमजीत कौर, ललिता यादव, मीता मुखर्जी, सरोज साहू, जयमनी ठाकुर, सुकरी बघेल, के बेलसरिया एवं शुभ्रा कुंडू शामिल हैं।

## आयोजन...



जगदलपुर। श्री कृष्ण जन्माष्टमी पश्चात कृष्ण मंदिर में चल रहे 6 दिवसीय कार्यक्रम में महिलाओं ने विविध खेल कूद आयोजन में भाग लिया जिसमें नींबू दौड़, बाल इन बकेट व बाल पासिंग शामिल थे। संध्या को भजन कीर्तन हुआ ।






# एनएसयूआई का वोट चोरी विरोधी अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छात्र राजनीति में सक्रियता और जागरूकता का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए बस्तर जिला एनएसयूआई ने मंगलवार को शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में वोट चोरी विरोधी अभियान" के तहत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रदेश प्रभारी महावीर गुर्जर एवं प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय के दिशा-निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भागीदारी की।

■ **छात्रों ने पोस्टकार्ड भरकर जताई लोकतंत्र बचाने की प्रतिबद्धता**



एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने कॉलेज परिसर में केनोपी लगाकर छात्रों से संपर्क साधा और उन्हें मताधिकार की महत्ता से अवगत कराया। इस दौरान कार्यकर्ता विशेष टी-शर्ट पहनकर "वोट चोरी का विरोध" संदेश देते नजर आए। साथ ही विद्यार्थियों से पोस्टकार्ड भरवाए गए, जिन्हें प्रदेश नेतृत्व तक भेजा जाएगा ताकि छात्र समुदाय की आवाज़ सीधे संगठन के शीर्ष पदाधिकारियों तक पहुंच सके।

जिला एनएसयूआई अध्यक्ष विशाल खम्बारी और शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय अध्यक्ष पंकज केवट ने नेतृत्व करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया। छात्रों में इस अभियान को लेकर उत्साह देखने लायक था और बड़ी संख्या में युवाओं ने इसमें अपनी भागीदारी दर्ज कराई। एनएसयूआई हमेशा से युवाओं की आवाज़ को बुलंद करती आई है। वोट चोरी लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा है। आज के इस अभियान में हमने छात्रों को यह संदेश दिया कि उनका एक-एक वोट महत्वपूर्ण है और उसे सुरक्षित रखना हमारी जिम्मेदारी है।

अध्यक्ष,शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय पंकज कुमार केवट ने कहा आज कॉलेज के विद्यार्थियों ने जिस तरह से बढ़-चढ़कर भाग लिया,उससे साफ है कि छात्र समुदाय वोट चोरी जैसे कृत्य को कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। हम सब मिलकर लोकतंत्र की रक्षा के लिए इस लड़ाई को और मजबूत करेंगे। इस दौरान प्रदेश सचिव आदर्श नायक, आदर्श महाविद्यालय अध्यक्ष हंसु नाग, ज़िला महासचिव दिपेश पांडे, छात्र नेता कुनाल पटेल, अमन चंदेल, तन्मय चौहान, दक्श साहू, लीलाधर गजेंद्र, समीर कुमार, देवश दास रेहान रिजवी, अमित श्रीवास्तव, आकाश मंडल, मोंटू एवं अन्य उपस्थित थे।


